विज्ञप्ति (Walk in Interview)

शासनादेश संख्या 16/XXVI/दो(20)/2004 टी0सी0 दिनांक 08 जून, 2018 के क्रम में जनपद ऊधमसिंह नगर के आपदा प्रबन्धन कार्यालय में स्थापित GIS Cell (Geographic Information System) के संचालन हेतु निम्न शैक्षिक योग्यता एवं अनुभव रखने वाले मानव संसाधनों की सीमित समयावधि (वित्तीय वर्ष 2019–20) हेतु रिक्त पद (संविदा) के सापेक्ष **दिनांक 25 जून, 2019 को प्रातः 10:30 बजे कलैक्ट्रेट परिसर ऊधमसिंह नगर में Walk in Interview** प्रस्तावित है:–

क्र0 सं0	पद का नाम	पदों की संख्या	शैक्षिक योग्यता/ कार्य अनुभव	मानदेय/वेतन प्रतिमाह रू0
1	**GIS Analyst**	**01**	**M.Sc. (Remote Sensing and GIS) with One year experience)**	**30,000/per month**
2	**GIS Technician**	**01**	**M.Sc (Remote Sensing and GIS)**	**20,000/per month**

अतः इच्छुक अभयर्थी जोकि उपरोक्त शैक्षिक योग्यता एवं अनुभव(पदानुसार) धारित करते हो तो तय दिनांक एवं समय पर निम्नलिखित दस्तावेजों की मूल प्रति एवं एक स्वप्रमाणित छायाप्रति सहित चयन समिति के समक्ष साक्षात्कार हेतु कलैक्ट्रेट परिसर ऊधमसिंह नगर में उपस्थित हो सकते है।

1. पद हेतु आवेदक का बायोडॉटा दो पासपोर्ट साइज फोटो सहित, आधारकार्ड अथवा अधिकृत पहचान पत्र जो बायोडाटा के साथ संलग्न हों।
2. भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से उक्त विषय में स्नातकोत्तर उपाधि या सरकार द्वारा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई अर्हता।
3. तकनीकी योग्यता प्रमाण–पत्र एवं प्रशिक्षण प्रमाण–पत्र।
4. कार्यानुभव प्रमाण–पत्र ।
5. दो राजपत्रित अधिकारियों से निर्गत चरित्र प्रमाण पत्र।

चयन साक्षात्कार/प्रयोगात्मक परीक्षा के आधार पर समिति द्वारा किया जायेगा । अपरिहार्य कारणों से उक्त दिनांक में परिवर्तन करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा, जिसकी सूचना समाचार पत्रों के माध्यम से दी जायेगी।

नोट– कार्मिक अनुभाग–2 के शासनादेश सं0 111(1)/XX(2)/2018–30(12)/2018 दिनांक 27–4–2018 के अनुसार पद पूर्णतः अस्थाई, सीमित समयावधि (वित्तीय वर्ष 2019–20) एवं कार्यक्रम आधारित है। उक्त शासनादेश में निहित प्राविधानों के अन्तर्गत किसी भी प्रकार का स्थायीकरण का दावा मान्य नहीं होगा। साक्षात्कार में उपस्थित होने का कोई यात्रा भत्ता आवेदक को देय नही होगा। आवेदक उपरोक्त में से एक अथवा दोनों पदों हेतु साक्षात्कार दे सकता है ।

जिलाधिकारी,
ऊधमसिंह नगर।